when most of the beneficiaries are in schools and therefore cannot take advantages of these programmes; and

(b) if so, whether there is any proposal to change the timings ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRIMATI NANDINI SATPATHY) : (a) School lessons are telecast during school hours both in the morning and in the afternoon for being viewed by school classes. Other informative and entertaining programmes for school children are telecast twice a week in the evening when they are at home.

(b) No, Sir.

### खंडवा टेलीफोन डिविज़न का बनाया जाना

3327. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खंडवा (मध्य प्रदेश) टेलीफोन डिवीजन किस आधार पर बनाया गया था; और

(ख) उक्त डिवीडन के अन्तर्गत कितने टैलीफोन कनेक्शनों की व्यवस्था है ?

संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा) : (क) खण्डवा में कोई टेलीफोन डिवीजन स्थापित नही किया गया है। परिसम्पति के बेहतर रख-रखाव के लिए तार उपमंडल का मुख्यालय अप्रैल, 1971 में इटारसी से हटाकर खण्डवा मे स्थापित किया गया है।

(ख) इस तार उप-मंडल में टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या तारीख 31-3-72 को 1676 थी।

### बड़े औद्योगिक गृहों द्वारा मध्य प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना

3328. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने टाटा बिड़ला, साहू-जैन और डालमिया बन्धुओं को मध्य प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में बड़े पैमाने के उद्योग स्थापित करने के लिए कहा है; और

(ख) क्या मध्य प्रदेश के संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के विचार से बड़े औद्योगिक गृहों को लाइसेंस दिये जा रहे हैं ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) और (ख). भारत सरकार किसी क्षेत्र विशेष मे उद्योग स्थापित करने के लिए व्यापार गृहों को अनुदेश नहीं देती है। फिर भी, सभी उद्यमियों से प्राप्त आवेदनपत्रों पर गुणावगुण के आधार पर और विद्यमान नीति के अनुसार विचार किया जाना है। मध्य प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए बड़े औद्योगिक गृहों को 1967 में और उस से आगे जारी किए गये लाइसेंसों और आशय-पत्रो की एक सूची। सभा पटल पर रखी है। [ग्रन्थालय में रखी गई देखिए संख्या। LT—1809 172]

### मध्य प्रदेश में उद्योगों का बन्द हो जाना

3329. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में ऐसे बन्द पड़े कारखानों की संख्या कितनी है जो अभी तक खोले नहीं गये है और ऐसे कितने कारखाने हैं जो स्थायी रूप से बन्द हो गए समझे जाते हैं ;

(ख) इन कारखानों के बन्द हो जाने के क्या कारण है; और

(ग) इस कारण बेकार हुए व्यक्तियों की संख्या कितनी है और ये कारखाने पुनः खोलने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गए हैं ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) मध्य प्रदेश में उन बन्द कारखानों की संख्या जो अभी तक बन्द पड़े है, 13 है, जिनमें से चार कारखानों को स्थायी रूप से बन्द समझा गया है।

(ख) इन कारखानों के बन्द होने के कारण

(1) एकक की आर्थिक दृष्टि से अलाभप्रद क्षमता और आवर्ती हानियां

(2) खानों में कोयले की कमी

(3) साझेदारों और प्रबन्धकों के बीच कानूनी झगड़े और

(4) अन्य कारण जैसे आग का लगना, परिसमापन कार्रवाइयां आदि हैं।

(ग) 10 कारखानों में कुल 3,361 व्यक्ति बेरोजगार हुए हैं। बाकी तीन कारखानों के बारे में सूचना उपलब्ध नहीं है।

स्थायी रूप सें बन्द चार कारखानों को छोड़कर, राज्य सरकार कारखानों को फिर से खोलने के लिए संबंधित पार्टियों को राजी करने का प्रयत्न कर रही हैं।

**सफदरजंग एनक्लेव, नई दिल्ली में एक बैंक में डाका डालने वाले दो युवकों का इंडोनेशिया से भारत वापस लाया जाना**

3330. श्री मोहन स्वरूप : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन दो युवकों को जिन्होंने सफदरजंग डेवलपमेंट एनक्लेव, नई दिल्ली में एक बैंक में डाका डाला था और जो अब इण्डोनेशिया के सुमात्रा द्वीप सें कारावास दण्ड भोग रहे हैं, भारत वापस लाने के लिए इण्डोनेशिया की सरकार से अनुरोध करने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो उन्हें कब तक भारत वापस लाया जायेगा ?

गृह मंत्रालय में उप-मंत्री : (श्री एफ० एच० मोहसिन) : (क) इस मामले की जांच के सिलसिले में इण्डोनेशिया सरकार से विस्तृत सूचना मंगाई गई है। इस सूचना के मिलने के पश्चात् इन दो युवकों को इण्डोनेशिया से भारत वापस लाने के प्रश्न पर निर्णय किया जायेगा।

(ख) : अभी जांच की इस स्थिति के दौरान कोई भी सीमावधि निर्धारित नहीं की जा सकती है।

**C. R. P. In Tripura**

3331. SHRI BIREN DUTTA : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) the strength of Central Reserve Police in Tripura; and

(b) how long they are required to stay there ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI F. H. MOHSIN) : (a) and (b) Three battalions of the C. R. P. force are deployed in Tripura. They will be withdrawn to their permanent headquarters as soon as the need for this force ceases.

**Recommendations of Development Council for Food Processing Industries**

3332. SHRI INDER J. MALHOTRA : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) the recommendations made by the Development Council for Food Processing Industries in January, 1970 and later on; and

(b) the steps taken to implement the recommendations, especially in regard to launching publicity campaign to make people nutrition-conscious and encouraging production and distribution of high protein foods ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD): (a) Amongst the various recommendations